कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

" एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत गुजराती शिक्षण का आयोजन "

राजनांदगांव : ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के तात्वाधान में शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के जोड़ीदार राज्य गुजरात की संस्कृति एवं परम्पराओं से महाविद्यालय की छात्राओं को अवगत कराने के उद्‌देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं । इसके अंतर्गत सर्वप्रथम महाविद्यालय में दिनांक 13 जनवरी 2020 को सूचना पटल का अनावरण किया गया । जिसका उद्‌देश्य महाविद्यालय में ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली उक्त गतिविधियों की सूचनाओं को छात्राओं के बीच प्रसारित करना तथा गतिविधियों के परिणामों का प्रचार–प्रसार करना हैं। सूचना पटल का अनावरण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सुमन सिंह बघेल द्वारा किया गया । इस अवसर पर ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम संचालन समिति के सभी सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहें ।

जोड़ीदार राज्य गुजरात की राज्यभाषा गुजराती का ज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं को प्रदान करने के उद्‌देश्य से अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन महाविद्यालय में दिनांक 13 एवं 14 जनवरी 2020 को किया गया । इन कक्षाओं में लगभग 150 छात्राओं ने गुजराती भाषा की लिपि एवं भाषा की सामान्य जानकारियां प्राप्त की । गुजराती भाषा की विशेषज्ञ श्रीमती धारा रायचा द्वारा गुजराती भाषा के तकनिकियों से छात्राओं को अवगत कराया गया । शिक्षण के दौरान गुजराती वर्णमाला, आम बोल–चाल के शब्दों तथा सामान्य वाक्यों को सरल माध्यम से सिखाया गया ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 13 जनवरी 2020 प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्राचार्य डॉ.सुमन सिंह बघेल द्वारा किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम महाविद्यालय की छात्राओं के लिए एक सुनहरा अवसर हैं, जबकि वे जोड़ीदार राज्य गुजरात की संस्कृति, रहन सहन, खानपान एवं रीति रिवाजों से परिचय प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों एवं प्रतिभागी छात्राओं को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी ।

''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के समन्वयक एवं प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री आलोक कुमार जोशी ने कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाली सभी गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की । उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश हैं, अनेकता में एकता हमारे राष्ट्र की पहचान हैं । अतः हमें हमारे देश की विभिन्न संस्कृतियों का सम्मान करना चाहिए एवं इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी को इस दिशा में आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर हैं, और मैं आशा करता हूं कि हम सभी निश्चित रूप से अपने उद्देश्यों में सफल होंगे ।

कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) की महाविद्यालयीन इकाई के प्रभारी अधिकारी एवं भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ.निवेदिता ए.लाल द्वारा किया गया । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के अंतर्गत उनके मार्गनिर्देशन में सम्पन्न किया जा रहा हैं और उन्हे इसमें अपना योगदान प्रदान करने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ.लाली शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया । ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्य एवं मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.बसंत कुमार सोनबेर एवं संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती रामकुमारी धुर्वा विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया ।